तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 9 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 हाई व हायर सेकंडरी के टापरों को पूर्व विधायक ने दी शुभकामनाएं



12 हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने होम डिलिवरी चार्जेस ...



# विधायक दीपेश साहू ने राखी जोबा राइस मिल हादसे के पीड़ितों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम राखी जोबा स्थित सूरज राइस मिल में हाल ही में आए आंधी-तूफान के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में मृतक और घायल परिवारों से मिलने बेमेतरा विधायक दीपेश साहू पहुंचे। उन्होंने ग्राम चोंगी खपरी निवासी मृतक नंदकुमार निषाद के परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी एवं हादसे के बारे में जानकारी ली। इस दुर्घटना में नंदकुमार निषाद की दुखद मृत्यु हो गई थी, जबकि उनके पुत्र भगवान दास गंभीर रूप से घायल हैं और वर्तमान में दुर्ग में उपचाररत हैं।विधायक श्री साहू ने हादसे में प्रभावित अन्य व्यक्तियों, नरेंद्र यादव एवं खेलन ठाकुर से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वही विधायक दीपेश साहू मृतक नंद कुमार निषाद के परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी दिया 1 ग्राम वासियों ने बताया कि यह हादसा राइस मिल मालिक की लापरवाही के कारण हुआ, जहां सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया। यदि आवश्यक सावधानियां बरती गई होतीं तो यह दुखद घटना टाली जा सकती थी। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा, "हमारी सरकार और मैं स्वयं पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्हें न्याय दिलाने और हर आवश्यक सहयोग प्रदान करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।"

## न्याय और सहायता का दिलाया भरोसा



### दोषियों पर उचित कार्रवाई के दिए निर्देश

उन्होंने नन्द कुमार निषाद के बच्चों से भी मुलाक़ात किया और उनके स्वास्थ्य और पढ़ाई लिखाई की जानकारी ली। और बच्चों की पढ़ाई लिखाई इलाज के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। उन्होंने जिलास्तरीय विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात कर मामले की गहन जांच करने और दोषियों पर उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने मृतक और घायल परिवारों को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। विधायक ने परिजनों और ग्रामवासियों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं। सरकार की ओर से न केवल मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी, बल्कि बीमा कंपनियों से भी समन्वय कर बीमा राशि दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है।इस अवसर पर भाजपा नेता बलराम पटेल, नीरज राजपूत सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### डीईओ को शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन



**बेमेतरा।** गुरुवार छतीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष की अगुवाई में प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। जिसमें मुख्य तौर से युक्तियुक्तकरण के पूर्व प्राथमिक प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति ,अप्रैल 2025 की स्थिति में सहायक शिक्षक की वरिष्ठता सूची का प्रकाशन ,नियमितीकरण ,उच्च परीक्षा की अनुमति का आदेश , शिक्षक एलबी की सूची जेडी कार्यलय दुर्ग भेजने की कार्यवाही व अन्य मामले को लेकर ज्ञापन में उल्लेख किया गया । जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने आस्वाशन दिया कि मांगो को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाएगा । प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष बसन्त कौशिक ,जिला अध्यक्ष अशोक कुमार धुर्वे,जिला सदस्य,पोखन साहू, मनीष पाटिल ,कमलेश देवांगन,गीतेश मिश्रा,मुरली निषाद आदि शामिल हुए।

### रिया बनीं मिस सेंट्रल इंडिया की रनरअप



**बेमेतरा।** मिस और किड्स सेंट्रल इंडिया सीज़न 1 का बीते दिवस अंबिकापुर में आयोजित किया गया मिस और किड्स सेंट्रल इंडिया सीज़न में बतौर जूरी मेंबर उमा कुशवाहा, सुजाता पटेल, किरन रात्रे और विष्णु कुजुर रहे । जिसमें बेमेतरा की प्रिया वर्मा ने मिस सेंट्रल इंडिया सीज़न 1 का खिताब अपने नाम किया । कार्यक्रम की खास बात यह थी कि इसमें टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री, कलर्स टीवी की 'डोरी फेम ' सोनी सिंह सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में मौजूद रही जिनकी मौजूदगी में आयोजन और भी आकर्षक और सफल रहा । इस दौरान ए एस डी एंड एसोसिएशन विथ बी बी फाउंडेशन फाउंडर अर्पिता सिंह , क्षमा बंजारे। आयोजन करता मनोज सोनी व आयुष गुप्ता मौजूदगी में संपन्न हुआ।

### बेजा धंधों पर अंकुश नहीं

**डोंगरगढ़।** महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित बोरतलाव क्षेत्र इन दिनों अवैध कारोबार के लिए सुर्खियों में बना हुआ है। क्षेत्र में कच्ची शराब, अवैध उत्खनन, अवैध कटाई और सरकारी शराब दुकान से बड़े पैमाने पर शराब पार किया जा रहा है।

## परिणाम

### जिला शिक्षा अधिकारी ने छह टॉपर बच्चों का किया सम्मान

# बेमेतरा 10वीं के परीक्षाफल में सात फीसदी की वृद्धि, 1200 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित परीक्षा फल में इस वर्ष जिले में आशा अनुरूप प्रगति देखी गई। इस वर्ष जिले के परीक्षा परिणाम में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी गई। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने बताया कि हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में कुल 14103 विद्यार्थी दर्ज थे। जिनमें से 13921 परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे। जिनमें से 9022 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए थे।

इस प्रकार उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 64.80 रहा था। जिसमें से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 3357 थी। जबकि इस वर्ष 2025 की परीक्षा में कक्षा दसवीं में 13606 विद्यार्थी दर्ज रहे। जिनमें से 13327 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे। उनमें से 9546 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार उत्तीर्ण होने वाले परीक्षार्थियों का प्रतिशत 71.62 रहा। इस तरह से इस वर्ष उत्तीर्ण विद्यार्थियों के प्रतिशत में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही। इसी तरह से पिछले वर्ष कक्षा दसवीं की परीक्षा में 3357 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए थे। जबकि इस वर्ष की परीक्षा में कक्षा दसवीं में 4474 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस प्रकार इस वर्ष 1117 परीक्षार्थी अधिक प्रथम श्रेणी में पास हुए। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में पिछले वर्ष 8883 विद्यार्थी दर्ज थे। जिनमें से 8830 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। जिनमें से 6937 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस प्रकार उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 78.56 रहा था। जबकि इस वर्ष की परीक्षा में 8335 विद्यार्थी दर्ज थे जिम में से 8284 विद्यार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए और 6677 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत 80.65 रहा। पिछले वर्ष प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 2420 थी।

जबकि इस वर्ष प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 3710 है। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 1290 अधिक विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा के संकायवार परिणामों में कला विषय में कुल 3674 परीक्षार्थी दर्ज थे। उनमें 3638 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। जिनमें से 2749 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इस प्रकार उत्तीर्ण हुए इन विद्यार्थियों का परीक्षा फल 75.62 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार विज्ञान संकाय में कुल 3060 परीक्षार्थी दर्ज थे। जिनमें से 3050 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। इनमें से ▶▶ शेष पेज 13 पर



**6 टॉपरों का डीईओ कार्यालय में किया सम्मान**

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने जिले को गौरवान्वित करने वाले 6 टॉपर विद्यार्थियों का अपने कार्यालय में सम्मान किया और उन्हें मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा किया। और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामना भी दिये। इस अवसर पर डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे भी उपस्थित थे।

# दो अलग अलग सड़क हादसों में महिला और युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवकर



- तीन गंभीर का अस्पतालों में उपचार जारी

मंगलवार मध्यरात्रि करीब 1 बजे दुर्ग रोड सेवा सहकारी केंद्रीय बैंक के ठीक सामने मोटरसाइकिल में तीन लोग सवार होकर धमधा से कोदवा जा रहे थे तभी रोड किनारे अंधेले में बैठे भैंस से टकरा जाने से ग्राम कोदवा निवासी पुनित दास बारले पिता कुशाल बारले 16 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई तो वहीं अन्य दो लोग आशीष वर्मा , अजय यादव घायल हुए सूचना मिलते मौके पर पहुंची देवकर पुलिस की टीम ने स्थानीय पत्रकारों के सहयोग से घायलों को उपचार हेतु निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा भेजा शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चुरी में रखा गया जिसका सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया। तो वही दूसरी घटना बुधवार सुबह करीब 10 बजे देवकर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम कुम्हिगुडा में ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिससे मोटरसाइकिल क्रमांक CG 25 M 2860 में सवार पति पत्नी संतोष सिन्हा व ठगिया बाई सिन्हा ग्राम रेवे थाना बेरला निवासी अपनी बेटी मोगरा सिन्हा के घर धमधा जा रहे थे तभी सामने से तेज एवं लापरवाही पूर्वक आ रहे ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई जिससे ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जेवरा क्लस्टर के समाधान शिविर में प्राप्त 1904 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- विधायक ईश्वर साहू ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की
- पंचायतों में स्वच्छ पेयजल और विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश



राज्य सरकार द्वारा सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण अंचलों तक शासन-प्रशासन की पहुँच सुनिश्चित करने का कार्य जारी है। तिहार को तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर ग्रामीणों से उनकी समस्याओं व मांगों के आवेदन लिए गए।

इन आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल में पंजीकृत किया गया। द्वितीय चरण में सभी प्राप्त आवेदनों का ऑनलाइन निराकरण किया गया। तृतीय चरण के अंतर्गत 5 मई से 30 मई तक कलस्टर स्तर पर समाधान शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को उनके आवेदन पत्रों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में विकासखंड साजा के ग्राम पंचायत जेवरा में गुरुवार समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में क्षेत्रीय विधायक ईश्वर साहू ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ भी प्रदान किए गए। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 16 पासबुक, नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 5 बांड पेपर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 10 सम्मान पत्र वितरित किए गए। मत्स्य पालन विभाग से 1 जाल, खाद्य विभाग से राशन कार्ड और पंचायत विभाग से जॉब कार्ड का वितरण भी विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।समाधान शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाते हुए शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास सुदृढ़ किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों ▶▶ शेष पेज 13 पर

### दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में जिले के छह विद्यार्थियों टापटेन पर बनाया स्थान

# हाई और हायर सेकंडरी परीक्षा के छह टापरों का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई पर चर्चा की और उनकी रुचि जानी



हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में टॉप टेन की सूची में स्थान पाकर बेमेतरा जिले को गौरवान्वित करने वाले सभी 6 प्रतिभावान विद्यार्थियों का कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने कार्यालय में सम्मान किया।

हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की मेरिट सूची में वैशाली साहू पिता खेमराज साहू स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस बेरला ने 97.20 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान और राज्य में तृतीय स्थान पाकर जिले को गौरवान्वित किया है। जबकि इंडियन पब्लिक स्कूल बेमेतरा की छात्र ऋतु साहू पिता गोपाल साहू ने 95.80 अंक प्राप्त कर जिले में दूसरा स्थान एवं राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा की मेरिट लिस्ट में शासकीय हाई स्कूल देवरी विकासखंड बेरला के छात्र अविनाश साहू पिता टीकाराम साहू ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान एवं पूरे राज्य में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। प्रेरणा विद्यालय कठिया विकासखण्ड बेरला की सिया साहू पिता दयानंद साहू ने 98. 57 अंक प्राप्त कर जिले में द्वितीय स्थान एवं राज्य में सातवां स्थान प्राप्त किया है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस देवकर की छात्रा की छात्रा-छात्र भावना सोनकर पिता मेघनाथ सोनकर ने 98% अंक प्राप्त कर जिले में तीसरा स्थान एवं राज्य में आठवां स्थान प्राप्त किया है।

**मुंह मीठा कराया और उज्जवल जीवन के लिए शुभकामना दी :** इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिवलाल राठी विद्यालय बेमेतरा की छात्रा हीरामनी वर्मा पिता अरुण वर्मा ने 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चतुर्थ स्थान एवं राज्य में दसवां स्थान प्राप्त किया है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित हाय स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में जिले के 6 विद्यार्थियों ने टॉप 10 की सूची में अपना स्थान बनाया ।कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विद्यार्थियों को अपने कक्ष में आमंत्रित कर उनका आत्मीय सम्मान कर मुंह मीठा कराया ओर उज्जवल जीवन के लिए शुभकामना दिए। इस दौरान जिलाधीश ने छात्रों को अपना लक्ष्य निश्चित करने के लिए कहा और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करने पर जोर दिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने एक-एक कर सभी विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई उनकी रुचि एवं भविष्य की योजना के बारे में उन्होंने बहुत सरल शब्दों में चर्चा की। दो विद्यार्थियों ने इस आईएएस अफसर बनने की इच्छा जाहिर की। जबकि दो ने इंजीनियर बनने की, एक ने मेडिकल और एक ने टीचर बनने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता। सफलता पाने के लिए स्वयं को कठिन परिश्रम करना होता है, माता-पिता को तपस्या ▶▶ शेष पेज 13 पर



